| | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में ज़ारी हुए |
|---|---|---|
| 12/02/25 | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। विपक्षीगण को जवाब हेतु अनेक अवसर देने के बावजूद जवाब पेश नहीं किया। अत: जवाब बंद किया जाता है। पत्रावली वास्ते बहस हेतु आईन्दा दिनांक 24.02.2025 को पेश हो। | |
| 24.02.25 | पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उप०। वकील प्रार्थी ने बहस सुनने का निवेदन किया। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई। पत्रावली एवं पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात का अवलोकन किया गया जिससे प्रतीत होता है कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार करने योग्य है। अत: तत्सम्बन्धी निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। संख्या से कम हो। | |

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.05.05 20:51:01 IST
Reason: SelfAttested

# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

राजस्व आवेदन सं. 208/2024 अन्तर्गत धारा 111,128 एल.आर.एक्ट, 1956

कस्तूरीदेवी बनाम धुड़ा वगैरा

पीठासीन अधिकारी –बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस.

प्रार्थीनी वकील – श्री आम्बाराम पूनड़

**निर्णय** दिनांक – 24/02/25

प्रार्थीनी के अधिवक्ता श्री आम्बाराम पूनड़ द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का पेश किया। प्रार्थीनी अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का सार संक्षेप में इस प्रकार है कि प्रार्थीनी के खातेदारी व मालिकाना हकहकूक व कब्जाकाश्त का खेत **तहसील सेड़वा के पटवार क्षेत्र भंवरिया के भू.अ.नि. क्षेत्र बाखासर के मौजा गिड़ा के खेत खाता संख्या नया 22 के खसरा संख्या 455/235 रकबा 3–7231 हैक्टेयर, किस्म बारानी सोयम** स्थित है। प्रार्थीनी के खेत के पास विप्रार्थीगण उक्त खातेदारी भूमि के पड़ौसी है। जिनके खेत प्रार्थीनी के खेत के पडौस में स्थित होने के कारण बरसात के समय वक्त काश्त अक्सर विप्रार्थीगण सेढों को लेकर विवाद करते रहते हैं। प्रार्थीनी एवं विप्रार्थीगण के मध्य सीमा को लेकर विवाद बना रहता है। इस कारण प्रार्थीनी अपनी खातेदारी भूमि का सीमाज्ञान करवाकर नेखमबन्दी करवाना चाहते हैं। प्रार्थीनी ने पैमाइश एवं नेखमबन्दी करने का निवेदन किया है। प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। विप्रार्थीगण के नोटिस बाद तामिल प्राप्त हुए, लेकिन कोई उपस्थित नहीं हुआ। अतः उनके विरूद्ध एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों यथा– जमाबंदी संवत् 2076–79, खसरा नक्शा एवं जमाबंदी तथा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों पर वकील प्रार्थीनी की बहस सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों तथा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों के अवलोकनोपरांत जाहिर होता है कि प्रार्थीनी व विप्रार्थीगण के मध्य खातेदारी भूमि की सीमाओं को लेकर विवाद बना रहता है। अस्तु, प्रार्थीगण अपनी खातेदारी भूमि की पैमाइश एवं नेखमबन्दी करवाना चाहते हैं। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों तथा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त विचारण के उपरांत प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार किया जाकर वादग्रस्त भूमि **तहसील सेड़वा के पटवार क्षेत्र भंवरिया के भू.अ.नि. क्षेत्र बाखासर के मौजा गिड़ा के खेत खाता संख्या नया 22 के खसरा संख्या 455/235 रकबा 3–7231 हैक्टेयर, किस्म बारानी सोयम** की नेखमबन्दी करने का आदेश दिया जाता है। नेखमबन्दी कार्य हेतु तहसीलदार सेड़वा को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर को निर्देश दिये जाते हैं कि वह उभय पक्षों के रूबरु किसी मुस्तकिल/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पैमाइश करें व भूमापक कर्ता को यह भी निर्देश दिये जाते है कि विचारित प्रकरण में किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश न हो, तो वह हल्का पटवारी के साथ उभय पक्षों के रूबरु विवादित भूमि के मौके व कब्जे काश्त में परिवर्तन के बिना मुस्तकिल/स्थाई बिन्दु को आधार मानकर पैमाइश करें व नियमानुसार नेखमबन्दी कर पालना रिपोर्ट पेश करें। मौके पर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत(यदि आवश्यकता हो तो) तहसीलदार को नियमानुसार पुलिस इमदाद उपलब्ध करवाने हेतु संबंधित थानाधिकारी को आदेश दिया जाता है।

पत्रावली पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर पेश हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 24.02.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

24.02.2025

(बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस.)

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

(SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.05.05 20:51:01 IST
Reason: SelfAttested